| दिनांक 18.07.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 27/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**ए0एन0टी0एफ0 आपरेशनल यूनिट आगरा एवं थाना जैत जनपद मथुरा की संयुक्त टीम द्वारा नेपाल बार्डर से अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ अफीम व चरस की तस्करी करने वाले 02 सक्रिय तस्कर गिरफ्तार, उनके कब्जे से 03 किलो ग्राम मादक पदार्थ अफीम व 100 ग्राम चरस (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कोमत 30 लाख रुपये) 01 मारूति सियाज कार, 02 मोबाइल फोन व 3,000/– रूपया नगद बरामद।**

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, उ0प्र0 लखनऊ के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक, ए0एन0टी0एफ0, उ0प्र0 लखनऊ के नेतृत्व में ए0एन0टी0एफ0 ऑपरेशनल यूनिट आगरा एवं थाना जैत जनपद मथुरा की संयुक्त टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 सक्रिय तस्कर 1–गुरमैल सिंह पुत्र शेर सिंह नि0 ग्राम सोन्टी थाना लाडवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा, 2–सुल्तान सिंह पुत्र जयपाल नि0 ग्राम जोगना खेडा थाना कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी हरियाणा को थाना जैत जनपद मथुरा से 300 मीटर आगे पलवल की तरफ एन एच –19 से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 03 किलोग्राम मादक पदार्थ अफीम, 100 ग्राम नाजायज चरस, घटना में प्रयुक्त 01 सियाज कार व 3000/– रूपया नगद बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–342/2025 धारा 08/18/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट 1985 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**पूछताछ का विवरणः–**

अभियुक्तगणो ने पूछताछ मे बताया कि मैने वर्ष 2015 मे बरेली से लखनऊ जाने वाले हाइवे पर फरीदपुर मे गुरूनानक ढाबा के नाम से एक होटल खोला था जहां ट्रक ड्राइवर मुझसे अफीम व डोडा की डिमाण्ड करते थे इसी दौरान एक ट्रक ड्राइवर के माध्यम से करन नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई जो सेनापति इम्फाल का रहने वाला था जिसके माध्यम से मै अफीम के कारोबार मे जुड गया मै व मेरे कई परिचित मेरे साथ जुडकर भारी मात्रा मे अफीम की तस्करी करने लगे जब हम लोग अफीम की तस्करी करते समय गुवाहाटी मे पकडे गये तब हम लोगो ने अपने मित्र जगजीत की गर्ल फ्रेन्ड सलोनी के माध्यम से अफीम भिजवाना शुरू कर दिया। दिनांक 02/06/2025 को मै गुवाहाटी गया तथा कोर्ट मे तारीख करने के बाद जगजीत से अफीम लेकर सेनापति करन के पास चला गया और दिनांक 12/06/25 वापस आ गया था। आज दिनाक 17/07/2025 को मै अपने साथी के साथ नेपाल बार्डर श्रावस्ती से अफीम लेकर कुरूक्षेत्र जा रहा था कि आपने पकड लिया। पकडे गये अभि0 गणो के बिरूद्ध नियमानुसार छक्ჹै ।ब्ज के प्रावधानो के तहत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः–**

1–गुरमैल सिंह पुत्र शेरसिंह नि0 ग्राम सोन्टी थाना लाडवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा ।

2– सुल्तान सिंह पुत्र जयपाल नि0 ग्राम जोगना खेडा थाना कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी हरियाणा ।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनाँक व समय–**

दिनांक 17–07–2025 समय करीब 19:35 बजे, स्थानः थाना जैत से करीब 300 मीटर पलवल साइड हाईवें पर

**कुल बरामदगी –**

1.03 किलो ग्राम मादक पदार्थ अफीम व 100 ग्राम चरस (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 30 लाख रुपये)

2. 02 अदद एन्ड्रोइड मोबाइल फोन।
3. 01 मारूति सियाज कार।
4. 01 अदद ए0टी0एम0 कार्ड व 3,000/– रूपया नगद।

**आपराधिक इतिहासः–**

आपराधिक इतिहास अभियुक्त गुरमैल उपरोक्त–

1. मु0अ0स0 83/2024 धारा 17सी,29 एनडीपीएस एक्ट थाना जीआरपी गुवाहाटी आसाम।
2. मु0अ0स0 381/2018 धारा 15,18,61 एनडीपीएस एक्ट थाना लाडवा कुरुक्षेत्र हरियाणा।
3. मु0अ0सं0– 342/2025 धारा 08/18/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना जैत जनपद मथुरा उ0प्र0।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सुल्तान उपरोक्त–**

1.मु0अ0सं0– 342/2025 धारा 08/18/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना जैत जनपद मथुरा उ0प्र0 ।

**पुलिस टीम ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।**

1. निरीक्षक श्री हरवेन्द्र मिश्रा ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
2. उपनिरीक्षक श्री गौरव शर्मा ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा
3. हे0का0 सुधीर कुमार ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
4. हे0का0 अजीत कुमार ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
5. हे0का0 आशीष शुक्ला ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
6. हे0का0 लखन लाल ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
7. का0 प्रेमनरायन ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
8. का0 वसीम अकरम ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
9. म0आ0 पूनम कुमारी ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
10. हे0का0 चालक मुकेश कुमार ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।

**सहयोगार्थ पुलिस टीम थाना जैत जनपद मथुरा**

1– प्रभारी निरीक्षक श्री उमेश कुमार थाना जैत जनपद मथुरा

2– उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना जैत जनपद मथुरा

3– है0का0 दिनेश कुमार थाना जैत जनपद मथुरा

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना कौशाम्बी**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 04 लाख रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 17.07.2025 को थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 2/5 की पुलिया वैशाली के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—प्रवेश 2—सचिन घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 04 लाख रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.07.2025 को थाना इन्दिरापुरम क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इन्दिरापुरम पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है.

इस सम्बन्ध में थाना कौशाम्बी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—प्रवेश निवासी गेदनपुर शेखपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर, हालपता नटमढ़ैया थाना बीटा—2 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2—सचिन निवासी खोदनाकला थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1—लूट के 04 लाख रूपये नगद।

2—02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना इन्दिरापुरम

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 02 लाख रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 18.07.2025 को थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शिप्ता अण्डरपास के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–सुनील घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–मनप्रीत सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 02 लाख रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.07.2025 को थाना इन्दिरापुरम क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इन्दिरापुरम पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है.

इस सम्बन्ध में थाना इन्दिरापुरम पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुनील निवासी निलोनी शाहपुर थाना रबुपुरा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–मनप्रीत निवासी ऐछर थाना बीटा–2 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–लूट के 02 लाख रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन।

## जनपद जौनपुर/थाना खुटहन

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 17.07.2025 को थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मरहट पुलिया के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कलीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद जौनपुर, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 15 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुटहन पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खुटहन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कलीम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस आदि।

## जनपद अलीगढ़/थाना इगलास

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के माल बिक्री के 19 हजार 100 रूपये नगद**
- **01 स्कॉर्पियो वाहन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 18.07.2025 को थाना इगलास व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मण्डी रोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–कुलदीप सहित अभियुक्त 2–सत्यपाल 3–चन्द्रपाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के माल बिक्री के 19 हजार 100 रूपये नगद, 01 स्कॉर्पियो वाहन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त कुलदीप के विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या, चोरी, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 27 अभियोग, अभियुक्त सत्यपाल के विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 26 अभियोग एवं अभियुक्त चन्द्रपाल के विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या, चोरी, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 23 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त कुलदीप थाना अतरौली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना इगलास पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कुलदीप निवासी ग्राम करथला थाना इगलास जनपद अलीगढ़।

2–सत्यपाल निवासी ग्राम कन्होई थाना गभाना जनपद अलीगढ़।

3–चन्द्रपाल निवासी ग्राम कन्होई थाना गभाना जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी के माल बिक्री के 19 हजार 100 रूपये नगद।

2–01 स्कॉर्पियो वाहन, 01 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना बीटा–2

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 लाइसेन्सी पिस्टल**
- **चोरी के 02 लाख 02 हजार 500 रूपये नगद**
- **चोरी के भारी मात्रा में (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **चोरी के 11 सोने के सिक्के**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 18.07.2025 को थाना बीटा–2 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कासना पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों 1–जितेन्द्र 2–जुगेन्दर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 लाइसेन्सी पिस्टल, चोरी के 02 लाख 02 हजार 500 रूपये नगद, चोरी के भारी मात्रा में (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, चोरी के 11 सोने के सिक्के, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10/11.07.2025 को थाना बीटा–2 क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद पिस्टल, आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–जितेन्द्र निवासी ग्राम लडपुरा थाना कासना कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–जुगेन्दर निवासी ग्राम लडपुरा थाना कासना कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 लाइसेन्सी पिस्टल।

2—चोरी के 02 लाख 02 हजार 500 रूपये नगद।

3—चोरी के भारी मात्रा में (पीली—सफेद) धातु के आभूषण।

4—चोरी के 11 सोने के सिक्के।

5—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद अमरोहा/थाना मण्डी धनौरा**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चारी की 08 दो पहिया वाहन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 17/18.07.2025 को थाना मण्डी धनौरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सरकारी अस्पताल के पास से 03 अभियुक्तों 1—पवन कुमार 2—गौरव कुमार 3—नौशाद उर्फ राशिद को गिरफ्तार किया गया व दो अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 दो पहिया वाहन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त नौशाद उर्फ राशिद शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मुरादाबाद व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 18 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद दो पहिया वाहन चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मण्डी धनौरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—पवन कुमार निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां थाना शिवालां कला जनपद बिजनौर।

2—गौरव कुमार निवासी ग्राम इस्माइलपुर थाना चाँदपुर जनपद बिजनौर।

3—नौशाद उर्फ राशिद निवासी ग्राम लिण्डरपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 08 दो पहिया वाहन।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/क्राइम ब्रान्च गाजियाबाद

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 44 लाख रूपये कीमत के 600 पेटी अवैध शराब**
- **01 कैन्टर ट्रक बरामद**

दिनांक 18.07.2025 को क्राइम ब्रान्च गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना वेव सिटी गाजियाबाद क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान अभियुक्त अनूप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 44 लाख रूपये कीमत के 600 पेटी अवैध शराब, 01 कैन्टर ट्रक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में गाजियाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अनूप निवासी ग्राम पयौदा थाना तीतरम जनपद कैथल हरियाणा।

**बरामदगी**

1—लगभग 44 लाख रूपये कीमत के 600 पेटी अवैध शराब।

2—01 कैन्टर ट्रक।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/क्राइम ब्रान्च गाजियाबाद

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 27 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 166 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनांक 17.07.2025 को क्राइम ब्रान्च गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान अभियुक्त संतोष को गिरफ्तार किया

गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 27 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 166 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में गाजियाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संतोष निवासी ग्राम कुई थाना मनिका जनपद लातेहार झारखण्ड।

**बरामदगी**

1–लगभग 27 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 166 ग्राम अवैध अफीम।

- **कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना जेवर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 23–23 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा थाना जेवर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/498ए भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–नसीम खाँ 2–गुल मोहम्मद उर्फ गुल्लू 3–अभियुक्ता को सश्रम आजीवन कारावास व 23–23 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————